INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII (3rd Lang)	Department: Hindi	Date:
Q. Bank & Grammar	Topic: मूलमंत्र **(कविता)**	Note: Pls. check with your class work

अति लघु प्रश्न

प्रश्न1-बिना चले क्या नहीं मिलती है?

उत्तर - बिना चले मंज़िल नहीं मिलती है|

प्रश्न2- 'मूलमंत्र' कविता के अनुसार मोती कहाँ होते हैं?

उत्तर - 'मूलमंत्र' कविता के अनुसार मोती सागर में होते हैं ।

प्रश्न3- विद्या धन को कैसे प्राप्त कर सकते हैं ?

उत्तर - विद्या धन को उद्यम से प्राप्त कर सकते हैं ।

प्र4-सफलता पाने के लिए क्या करना होता है ?

उ- सफलता पाने के लिए मेहनत करना होता है|

लघु प्रश्न

प्र5-क्या बिना चले मंज़िल तक पहुँचा जा सकता है?

उ- नहीं, बिना चले मंज़िल तक नहीं पहुँचा जा सकता है । मंज़िल तक पहुँचने के लिए चलना बहुत ज़रूरी है |

प्र6-ज्ञान के बिना क्या संभव नहीं है?

उ- ज्ञान के बिना घर-घर में जोत जलाना संभव नहीं है| इसका आशय यह है कि ज्ञान प्राप्त करने के बाद ही घर-घर में ज्ञान की रोशनी फैला सकते हैं|

दीर्घ प्रश्न

प्र7-अपनी इच्छा पूरी करने के लिए क्या करना ज़रूरी है ?

उ- अपनी इच्छा पूरी करने के लिए हमें मेहनत करना ज़रूरी है| जिस चीज को पाना हो उसके लिए उसी दिशा में कोशिश करना पड़ता है| केवल कल्पना करते रहने से कुछ भी प्राप्त नहीं किया जा सकता है|

प्र8-मूलमंत्र कविता का संदेश अपने शब्दों में लिखिए|

उ- मूलमंत्र कविता का संदेश यह है कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है| मेहनत से ही गोताखोर समुद्र से मोती निकाल लाता है| मेहनत से ही विद्या प्राप्त की जा सकती है| मेहनत से ही सभी इच्छाएँ पूरी की जा सकती हैं| इसलिए हम सबको मेहनत करना चाहिए |

व्याकरण भाग

लिंग परिवर्तन

1 चाचा	-	चाची
2 शिष्य	-	शिष्या
3 मामा	-	मामी
4 बकरा	-	बकरी
5 छात्र	-	छात्रा
6 मौसा	-	मौसी
7 स्वामी	-	स्वामिनी
8 सेवक	-	सेविका

वाक्य में लिंग परिवर्तन

1- छात्र कहानी पढ़ रहा है |

उ- छात्रा कहानी पढ़ रही है |

2- मेरा सेवक कामचोर नहीं है |

उ- मेरी सेविका कामचोर नहीं है |

विलोम

1 अंदर	X	बाहर
2 अभिशाप	X	वरदान
3 अहिंसा	X	हिंसा
4 आकाश	X	पाताल
5 अपना	X	पराया
6 उत्तीर्ण	X	अनुत्तीर्ण
7 राजा	X	रंक
8 आयात	X	निर्यात

पर्यायवाची शब्द

1 इच्छा -	चाह, कामना
2 उद्यम -	मेहनत, परिश्रम
3 लक्ष्य -	मंज़िल, उद्देश्य
4 सागर -	सिंधु, समुद्र
5 पर्वत -	पहाड़, गिरि

6 जल - पानी, नीर

7 वायु- हवा, पवन

8 बादल - मेघ, घन

वाक्यांश

1 जिसका पता न हो - अज्ञात

2 जिसकी तुलना न हो सके - अतुलनीय

3 साथ पढ़ने वाला - सहपाठी

4 रात में घूमने वाला - निशाचर

5 जो जीता न जा सके - अजेय

6 जिसका अंत न हो - अनंत

7 जिसकी सीमा न हो - असीम

8 जो बीत गया हो - अतीत

---000---